# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित मासिक प्रकाशन का सोलहवां वर्ष



Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org



अंक :189 | स्वैच्छिक सेवा का 59 वां वर्ष | दिसम्बर 2017


## विज्ञान लोकप्रियकरण

● **लोकविज्ञान प्रकाश :** दिसम्बर अंक के लेख **'आधुनिक जीवन शैली के रोग', 'भारतीय महान गणितज्ञ – आर्यभट्ट और उनके योगदान', 'परमाणु ऊर्जा : कितनी महत्त्वपूर्ण', 'रोबोटिक सर्जरी।'**

## एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम : आदर्श ग्राम देवाली विकास कार्यक्रम -

**वार्षिक समारोह : 2 दिसम्बर 2017** – 2 दिसम्बर 2016 को देवाली ग्राम को गोद लेने का औपचारिक समारोह एमपीयूएटी के कुलपति माननीय **प्रो उमाशंकर शर्मा** की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ था। इसी उपलक्ष में 2 दिसम्बर 2017 को एक वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियां तथा आगामी कार्यक्रम के सम्बन्ध में चर्चा हेतु औपचारिक समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें विभिन्न पोस्टर्स के अतिरिक्त उन्नत किस्म के बीज प्रदर्शित किये गये जो ग्रामवासियों के आकर्षण का केन्द्र रहे। समारोह की अध्यक्षता **डॉ.जी.एस. तिवारी** निदेशक कृषि प्रसार निदेशालय एमपीयूएटी ने की। **श्री जीतसिंह चुंडावत,** प्रधान मावली पंचायत समिति विशिष्ट अतिथि के रूप में थे। इसके अतिरिक्त मंच पर **डॉ के एल कोठारी, डॉ जी एस आमेटा तथा श्री इंद्रसिंह** अध्यक्ष ग्राम विकास समिति विराजमान थे।

वर्ष भर की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए समिति संस्थापक डॉ के एल कोठारी ने बताया कि विश्वविद्यालय व विज्ञान समिति के साझे कार्यक्रम का वैधानिक समझौता प्रस्ताव **डॉ एन एस राठौड़,** तत्कालीन अधिष्ठाता सी.टी.ए.ई. द्वारा सन् 2012 में कुलपति को लिखा गया जिस पर चर्चाओं के बाद 2016 मई में अंतिम रूप दिया जा सका। विश्वविद्यालय एवं विज्ञान समिति के पधाधिकारियों की बैठक में यह निर्णय हुआ कि पहली गतिविधि के रूप में एक गाँव का सर्वांगीण विकास किया जाए जो उदयपुर से 20 किमी से अधिक दूर होना चाहिए तथा जहाँ कोई संस्था नहीं पहुँची हो। कई गाँवों के सुझाव आए। एक सुझाव **श्री घीसूलाल मेघवाल** जो आरसीए कार्यालय में कार्यरत हैं ने अपने गाँव देवाली का दिया और चाही गई आवश्यक जानकारी उस प्रस्ताव में दी। पुनः विश्वविद्यालय एवं विज्ञान समिति के पदाधिकारियों की बैठक में उस समय के निदेशक अनुसंधान **डॉ जी एस आमेटा** की अध्यक्षता में देवाली गाँव का चयन हुआ और कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन 2 दिसम्बर, 2016 को एम पीयूएटी के कुलपति **डॉ उमाशंकर शर्मा** द्वारा किया गया।

पहला कार्य एक ग्रामविकास समिति बनाने का हुआ जो ग्रामवासियों और कृषि विश्वविद्यालय एवं विज्ञान समिति के बीच सेतु का काम करेगी। 20 लोगों की एक समिति **श्री इंदरसिंह जी** की अध्यक्षता में गठित की गई, जिसके सहसंयोजक **श्री भँवर सिंह चूण्डावत** बनाये गये। तय किया गया कि लगभग हर दूसरे शुक्रवार को विश्वविद्यालय एवं विज्ञान समिति के प्रतिनिधि गाँव के कम्यूनिटी सेंटर पर मिलेंगे तथा समय–समय पर किये गये कार्यक्रमों की चर्चा एवं व्यवस्था सम्बन्धी विचार विमर्श करेंगे। उसी के अनुसार कार्य किया गया।

डॉ कोठारी ने गाँव में शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, उद्यान, पशुपालन, गृह विज्ञान, सोर ऊर्जा आदि के अंतर्गत किये गये विभिन्न कार्यों का संक्षिप्त ब्यौरा दिया। डॉ कोठारी ने यह भी बताया कि कृषि विश्वविद्यालय एवं विज्ञान समिति से कौन–कौन वैज्ञानिक इस कार्यक्रम से जुड़े, उन्होंने यह प्रसन्नता व्यक्त की कि **डॉ जी एस आमेटा** ने सेवानिवृत्ति के बाद विज्ञान समिति से जुड़कर इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने का निर्णय किया जिससे कार्य में काफी गति आई है। अब डॉ. आमेटा ही इस कार्यक्रम के समन्वयक होंगे।

**डॉ जे.के. दोशी** ने बतलाया कि 48 परिवारों का सर्वेक्षण विश्वविद्यालय की सहायता से करवाया गया है जिसमें लोगों की वर्तमान स्थिति तथा उनकी आवश्यकताओं का अध्ययन किया गया है। यह सर्वेक्षण हमारे कार्यों में बहुत महत्वपूर्ण रहेगा।

**डॉ जी एस आमेटा** ने अगले वर्ष के कार्यक्रम के सम्बन्ध में प्रकाश डालते हुए बतलाया कि शासन की विभिन्न संस्थाओं में संवाद बढ़ाया जाएगा जो ग्राम विकास में सहयोगी बनेगा। प्रथम वर्ष तो हमारा प्रवेश वर्ष था जिसमें हम एक–दूसरे को समझ पाये तथा विश्वसनीयता स्थापित हुई। इस वर्ष हम बहुत बड़े रूप में ग्राम्य जीवन के सभी पक्षों में बड़े कार्य करेंगे। उसके लिये हम चाह रहे हैं कि ग्राम के सहयोग से हम एक कार्यालय स्थापित कर सकें जिससे प्रत्येक ग्राम वासी सम्पर्क कर सकेगा। ग्राम विकास समिति का पुर्नगठन किया जाएगा जिससे हर मोहल्ले से कम से कम एक प्रभावी व्यक्ति सम्मिलित हो। हम कृविवि एवं विज्ञान समिति के कार्य दल

### आर्थिक सहयोग

- **छात्रवृत्ति** – इंजी. अरुण अग्रवाल रु. 2,000/–
- **सामान्य सहयोग** – डॉ. आई.एल. जैन रु 5000/–
- **वार्षिक सहयोग**– श्रीमती अमिथा सिंघवी रु 2000/–
- **सदस्यता सहयोग** – डॉ.पी.सी. कण्ठालिया रु. 11,000/–

**सभी सहयोगकर्ताओं का हार्दिक आभार।**


सम्प्रेरक : डॉ. के.बी. शर्मा, अध्यक्ष; डॉ. के.पी. तलेसरा, कार्यकारी अध्यक्ष; रमेश चन्द्र भटनागर, महासचिव
समन्वयक : डॉ. के.एल. कोठारी सम्पादक : श्री प्रकाश तातेड़

का भी पुर्नगठन करेंगे तथा अधिकारियों से चर्चा करेंगे एवं अन्य सम्बन्धित विभागों, संस्थाओं को भी इस कार्य में जोड़ने का प्रयास करेंगे। डॉ. आमेटा ने कहा कि इन सब की सफलता आप के सहयोग पर है जिस पर हमें पूरा विश्वास है। पंचायत समिति के प्रधान की उपस्थिति भी यह बताती है कि स्थानीय शासन का पूरा सहयोग मिलेगा। परमात्मा हमारे इस कार्य में सफलता प्रदान करेंगे।

विशिष्ट अतिथि **श्री जीत सिंह चुण्डावत** प्रधान, पंचायत समिति मावली ने पंचायत समिति की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। ग्रामवासियों को आव्हान किया कि वे योजना का लाभ उठायें तथा अगले वार्षिक समारोह के समय पूरा चौक लोगों से भरा रहे ऐसा प्रयास करें।

**डॉ. जी. एस. तिवारी** ने अध्यक्षीय भाषण में विज्ञान समिति को ग्रामवासियों में जागरुकता पैदा करने के लिए कोटिशः धन्यवाद दिया। केन्द्र शासन की कृषि आय को 2022 तक दुगना करने का लक्ष्य सघन खेती तथा उन्नत बीज से ही प्राप्त किया जा सकता है एवं इसके लिए विश्वविद्यालय पूरा सहयोग देगा।

गाँव की ओर से **श्री इंद्रसिंह** ने मांग रखी कि स्कूल में 2 अतिरिक्त कमरे, फूटे तालाब को ठीक करने का प्रस्ताव किया उन्होंने यह भी कहा कि विलायती बबूल बहुत अधिक हो गया है तथा उसका कुछ सकारात्मक उपयोग होना चाहिए।

स्कूल की 5 मेधावी छात्राओं को विज्ञान समिति की ओर से छात्रवृत्ति वितरण की गई। सिलाई प्रशिक्षण देने वाली प्रशिक्षिका को मानदेय **श्री हनुमंत तलेसरा** सदस्य विज्ञान समिति के सौजन्य से दिया गया।

समिति सदस्य **श्री हनुमंत तलेसरा** ने हास्य कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांधा एवं बच्चों ने इसे बहुत पसंद किया।

कार्यक्रम के अंत में **श्री मुनीश गोयल** ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान समिति के कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ के. पी. तलेसरा** ने अत्यंत कुशलता के साथ किया। कार्यक्रम में विज्ञान समिति से **डॉ. प्राची भटनागर, श्री राजेन्द्र खोखावत, श्री एस एल भण्डारी, डॉ. बी.एल. चावत, प्रो विभा भटनागर, प्रो जे.एन. कविराज, इंजी एस एल गोदावत, श्रीमती मंजुला शर्मा** आदि सदस्यगण भी उपस्थित थे। महिलाएं तथा बच्चों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही एवं सभी उपस्थित बच्चों को नाश्ते का वितरण किया गया।

**श्री भूपेन्द्र मीणा**–प्रधानाध्यापक, **श्री इंदरसिंह** समिति संयोजक, **श्री भँवर सिंह** उपसंयोजक एवं **श्री घीसूलाल मेघवाल** का उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। **दुर्गा तथा प्रियंका** को भी सम्मानित किया गया।

● ग्राम देवाली में 29 दिसम्बर 2017 शुक्रवार को **डॉ के एल कोठारी, श्री मुनीश गोयल** ने बैठक ली इस बैठक में ग्राम विकास समिति देवाली का पुनर्गठन किये जाने का विचार किया। यह निश्चय किया गया कि महिलाओं की समिति अलग से बना दी जाए, जिसके गठन में **श्रीमती मंजुला शर्मा** पहल करेगी। ये विचार किया गया कि जहां तक संभव हो सभी वार्डों तथा वर्गों का प्रतिनिधित्व इस समिति में हो एवं उन लोगों को ही रखा जाए जो सक्रिय रूप से इसमे भाग लें। सभी सदस्यों के मोबाईल नं लिये जाएं एवं उनको ऑफिस से ही सीधी जानकारी दे दी जाए, जिससे अधिकाधिक उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। सदस्यों को नवम्बर माह की विज्ञान समिति की ''लहर'' मासिक पत्रिका उपलब्ध करवाई जाएगी।

ग्राम देवाली जाने के पूर्व ग्राम पंचायत नांदवेल का भ्रमण किया गया। ग्राम से संबधित आधारभूत जानकारी प्राप्त करने का प्रयत्न किया गया परंतु वहाँ पर केवल वोटर आई डी की संख्या ही प्राप्त हो सकी जो 1046 है। अन्य जानकारी के लिए समिति अध्यक्ष **श्री इन्द्र सिंह चुण्डावत** ने जिम्मेदारी ली है वो सांगवा पटवारी से प्राप्त होगी। ग्राम की कुल आबादी (पुरुष एवं महिला) – कृषि क्षेत्र खरीफ एवं रबी की अलग–अलग प्रमुख फसलें, सिंचित क्षेत्रफल व ग्राम में पशुओं की संख्या तथा दूध की उपलब्धता एवं अन्य अकृषि व्यवसाय : बागवानी आदि की जानकारी आवश्यक है जो इन्द्रसिंह जी द्वारा उपलब्ध करवाई जा सकेगी । ग्राम पटवारी का मुख्यालय सांगवा है और साधारणतया वह उदयपुर में निवास करते हैं। (मो. नं. 9530322362)।

मीटिंग में तय किया गया कि अगले वर्ष का विस्तृत कार्यक्रम शीघ्र ही विश्वविद्यालय की मदद से बना दिया जाएगा जिसमें उन्नत बीज, फसल चक्र, बागवानी तथा पशुपालन पर जोर दिया जाएग। एक बीघा स्कूल की भूमि पर बगीचे का विकास किया जाएगा। ग्राम में एक ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति करने पर विचार किया गया जो सभी तरह की योजनाओं को देख सके। इसके लिए सामुदायिक विकास भवन में कार्यालय हो इसके लिए टेबल, कुर्सी, दरी आदि की आवश्यकता होगी तथा सामुदायिक विकास भवन के उपयोग के लिए औपचारिक स्वीकृति भी हो जाएगी। पिछले दिनों मिर्ची के 300 पौध विश्वविद्यालय के उद्यानिकी विभाग से प्राप्त किये गए थे। वे ठीक नहीं चल रहे हैं अतः इसके लिए कपिल आमेटा से बात करनी है।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** 11 दिसम्बर 2017 को आयोजित हुई बैठक में 20 सदस्यों की उपस्थिति रही। प्रशिक्षिका **श्रीमती रंजना सकलेचा व श्रीमती मीनू सकलेचा** ने 7 दिनों के लिए सात प्रकार के सलाद (मैक्रोनी कुकम्बर सलाद, सोम टॉम थाई सलाद, स्पिनेच सासमी सलाद, फेरो लेबनिज सलाद, वॉल डोर्ट सलाद, कॉर्न एंड हनी मस्टर्ड सलाद, चेरी टोमेटो एंड पनीर सलाद) का लाईव डेमो दिया व उसकी रेसीपी लिखवाई। संयोजिका **श्रीमती बेला जैन** ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया।

● **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** 20 दिसम्बर 2017 को आयोजित हुई बैठक में 45 सदस्याओं की उपस्थिति रही। 2017 को अलविदा कहने सभी सदस्याएं हॉल में एकत्रित हुई। आज मौसम साफ न होने की वजह से उपस्थिति बहुत कम थी। हाउजी का तो सदस्याओं को बहुत उत्साह रहता है तो हाऊजी खेली गई। नया साल मनाने व सांस्कृतिक संध्या हेतु सदस्याओं से नाम आमंत्रित किये गये। इसके साथ ही इन्डोर गेम में म्यूजिकल चेयर गेम व ग्रुप बनाओ गेम खेला गया। आउटडोर में सितोलिया खेला गया। चाय –नाश्ते के साथ सत्र समाप्त हो गया व नये साल की तैयारी शुरु कर दी। संयोजिका **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया।

● **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** नये सदस्यों के स्वागत एवं प्रार्थना के बाद कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। मनोविज्ञान विभाग के पूर्व प्रोफेसर **किशोर गेरा एवं श्रीमती गेरा** विशेष रूप से विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे।

शैक्षणिक एवं मानसिक समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। महिलाएँ इन समस्याओं के बारे में क्या समझती हैं और उनके

अनुसार निवारण हेतु क्या प्रयास करती हैं यह चर्चा हुई। उन्हें यह बताया गया कि मन की शक्ति बढ़ा कर हम सभी समस्याओं का हल कर सकते हैं इसकी चर्चा हम आने वाली बैठकों में करेंगे। बच्चों की पढ़ाई एवं व्यवहार संबंधी समस्याओं को किस प्रकार हल कर सकते हैं इसकी चर्चा भी आने वाली बैठकों में करेंगे।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● **निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। दिसम्बर माह में 9 शिविर हुए जिसमें 103 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। सभी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा। आभार।

● **श्री विजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में **चोपनवां शिविर** दिनांक 17 दिसम्बर 2017 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल. जैन** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ, **डॉ. अनुराग तलेसरा** वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ, **डॉ. भानु प्रकाश वर्मा,** ईएनटी विशेषज्ञ, **डॉ. शोभालाल औदिच्य,** आयुर्वेद विशेषज्ञ, **दर्शन डेंटल कॉलेज** की दंत चिकित्सकीय टीम, **श्री एल.एन. शर्मा, श्री ललित पोरवाल, श्री देवीसिंह देवड़ा, श्रीमती सुशीला जागेटिया की** एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। इनके अतिरिक्त टेक्निशियन्स – **श्री उमंग, श्री दिनेश कुमार, श्री प्रेम, श्री देवीलाल** ने भी अपनी सेवाएं दी। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 45 नागरिकों को (16 सामान्य, 14 हृदय रोग, 11 मधुमेह, 04 ईएनटी, 05 अस्थिरोग, 02 दंत रोग) विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 05 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी **पचपनवां शिविर 21 जनवरी 2017** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

शिविर में **डॉ. के.एल. कोठारी, डॉ. एल.एल. धाकड़, डॉ. के. एल. तोतावत, श्री आर.सी. भटनागर, श्री राजेन्द्र खोखावत, श्रीमती शकुन्तला धाकड़ एवं श्रीमती रेणु खमेसरा** ने विशेष सेवाएं दी।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

●दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ की बैठक 9.12.17 को आयोजित हुई। **डॉ. प्रेम सुमन जैन** ने अन्तर्राष्ट्रीय प्राकृत शिक्षा की स्थिति पर विचार व्यक्त किए तथा नवम्बर 2017 में **श्रवण बेलगोला** में उनकी अध्यक्षता में आयोजित हुई प्राकृत अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर **डॉ. प्रेम सुमन जैन** का सम्मान किया गया। **डॉ. देव कोठारी** को राजस्थान साहित्य में योगदान के लिए **कन्हैयालाल पारख राष्ट्रीय पुरस्कार** नवम्बर 2017 में प्रदान किया गया। उनका भी प्रकोष्ठ द्वारा सम्मान किया गया।

● दिगम्बर आचार्य **मुनिश्री 108 श्री सुनील सागर जी महाराज** का एक विशेष कार्यक्रम विज्ञान समिति में 12 दिसम्बर को आयोजित हुआ। आचार्य श्री के साथ अन्य 12 मुनि एवं 6 आर्याएँ भी पधारे थे। समिति के मेरी क्यूरी सभागार में कार्यक्रम 8.30 बजे प्रारम्भ हुआ और 10.30 बजे समाप्त हुआ। आचार्य श्री ने मानव जीवन के उत्थान के लिए अध्यात्म और विज्ञान पर बहुत सुन्दर चर्चा की। **आचार्य श्री ने कहा कि वीतराग विज्ञान श्रेष्ठ विज्ञान है। इन्सान वह नहीं जो हालात के अनुसार बदल जाए, वरन इन्सान वह है जो हालात अपने अनुसार बदल दे।** सभागार पूरी तरह भर गया था। समिति की ओर से **डॉ. के.एल. कोठारी, डॉ. एन.एल. कच्छारा, डॉ. पी.एम. अग्रवाल** ने प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संयोजन **प्रो. एल.एल. धाकड़** ने किया।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

● दिनांक 23 दिसम्बर को विज्ञान समिति द्वारा आयोजित **स्व. मीठालाल मेहता तृतीय स्मृति व्याख्यान** के मुख्य वार्ताकार थे कोटा विश्वविद्यालय के कुलपति **प्रो. परमेन्द्र दशोरा। विषय था स्वैच्छिक सेवाएं और विकास।** दशोरा जी ने श्री मेहता के जीवन को इस विषय से जोड़ते हुए बहुत सुन्दर प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि सेवा और आजीविका में बहुत अंतर है क्योंकि सेवा संस्कार है, समर्पण है साधना है और अंतः प्रेरणा है। सेवा के पथ पर शुचिता एवं प्रामाणिकता होना परम आवश्यक है। सेवा से ही व्यक्ति में समाज कल्याण की भावना विकसित होती है जो व्यक्ति को जगत से जगदीश्वर तक ले जाती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता **डॉ. के. बी. शर्मा ने** की। प्रारम्भ में विज्ञान समिति के संस्थापक **डॉ के.एल. कोठारी** ने स्व. मीठालाल मेहता का जीवन वृत्त कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन **डॉ. के.पी. तलेसरा** ने तथा आभार अभिव्यक्ति **श्री मुनीश गोयल** ने की। इस कार्यक्रम में **प्रो .सुरेश मेहता, प्रो. बी. एल. बसेर, प्रो आर के गर्ग, डॉ ए. के. सचेती, डॉ. जे. के. ढोषी** सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## केलवा प्रोजेक्ट

●श्रद्धा का दिसम्बर अंक प्रकाशित एवं वितरित हुआ। आगे 28 जनवरी 2018 को केलवा में नेत्र चिकित्सा शिविर तथा 4 फरवरी को आचार्य भिक्षु प्रज्ञा सम्मान उदयपुर में निश्चित हुए।

## अन्य बिन्दु

● महावीर इन्टरनेशनल की छात्रवृत्ति का वितरण दिनांक 27.12.2017 को विज्ञान समिति के मैडम मेरी क्यूरी सभागार में पिछले कई वर्षों की भाँति इस वर्ष भी आयोजित हुआ जिसमें लगभग 90 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई कुल छात्रवृत्ति सवा तीन लाख के लगभग दी गई जिसमें वासुपूज्य मंदिर ट्रस्ट एवं भण्डारी कांकरिया ट्रस्ट के बड़े सहयोग थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महावीर इन्टरनेशनल, उदयपुर के पूर्व अध्यक्ष एवं विज्ञान समिति के वरिष्ठ संरक्षक सदस्य **इंजीनियर बी एच बाफना** थे। प्रारम्भ से ही महावीर इन्टरनेशनल के इस कार्यक्रम के चेयरमेन **डॉ के एल कोठारी** हैं। इस वर्ष के सहयोगी **डॉ बी एल चावत** तथा **डॉ के एल तोतावत** थे। मंजुला जी को उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।

● एक्यूप्रेशर चिकित्सा के मुख्य **श्रीमान् बी एल पोखरना** की हृदय शल्य चिकित्सा के बाद अब पूर्णतया ठीक होने पर उन्होंने एक स्नेह कार्यक्रम विज्ञान समिति के मैडम मेरी क्यूरी सभागार में दिनांक 24.12.2017 को सायंकाल आयोजित किया, जिसमें सभी चिकित्सक तथा उनके स्नेहीजन उपस्थित रहे। विज्ञान समिति के भी कुछ प्रतिनिधि सदस्यों को आमंत्रित किया गया। **डॉ के एल कोठारी** ने उसमें भाग लिया।

## सदस्यों सम्बन्धी

● हमारे पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष इंजीनियर **आर.के. चतुर** के विवाह की स्वर्ण जयंति 24 दिसम्बर 2017 को फील्ड क्लब में आयोजित हुई जिसमें विज्ञान समिति के भी कई सदस्य सम्मिलित थे, कार्यक्रम

भव्य था। हार्दिक बधाई।

● हमारे पूर्व उपाध्यक्ष **डॉ यशवन्त कोठारी** की अध्यक्षता में विकलांग कल्याण समिति एवं उदयपुर पैरा स्पोर्टस एसोसिएशन द्वारा आठवाँ दिव्यांग स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप एम.बी. कॉलेज ग्राउण्ड पर 24 से 27 दिसम्बर 2017 तक आयोजित हुआ जिसमें 600 डेलिगेट्स आए एवं 400 मेडल का वितरण हुआ। कार्यक्रम बहुत उपयोगी और सफल रहा। इस सफल आयोजन के लिए डॉ. यशवंत जी को हार्दिक बधाई।

● हमारे संरक्षक सदस्य 93 वर्षीय किंतु पूर्ण सक्रिय **श्रीमान् किरणमल जी सावनसुखा** उदयपुर ओसवाल समाज (बड़े साजन) के अध्यक्ष चुने गए। विज्ञान समिति की हार्दिक बधाई।

● हमारे संरक्षक सदस्य हांगकांग निवासी **श्री प्रफुल्ल सुराणा** 3 दिन के लिए 20 से 22 दिसम्बर तक उदयपुर प्रवास पर रहे। पुनः यहाँ से जयपुर प्रस्थान किया।

● हमारे मानद सदस्य अमेरिका निवासी प्रोफेसर **तेजसिंह धाकड़** नवम्बर में उदयपुर प्रवास पर रहे। विज्ञान समिति को हर वर्ष की भाँति दस हजार रु. का योगदान दिया। हार्दिक आभार।

● हमारे पूर्व उपाध्यक्ष और छात्रवृत्ति समिति के संयोजक प्रोफेसर **जे एन कविराज** पिछले कुछ समय से अस्वस्थ हैं। घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए विज्ञान समिति की शुभकामनाएं।

● हमारे संयुक्त सचिव श्री **शांतिलाल भण्डारी** एवं उनकी पत्नी छह परिवारजन सहित सम्मेदशिखर की यात्रा पर 11 दिसम्बर को गये और पुनः 22 दिसम्बर को सकुशल लौटे। तीर्थ यात्रा के लिए हार्दिक बधाई।

**बुक-पोस्ट**

**प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर**

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ

**January**

| | |
|---|---|
| Dr. G.C. Lodha | 01/01 |
| Dr. B. Bhandari | 03/01 |
| Sh. Arun Sarupariya | 04/01 |
| Sh. RK Khokhawat | 04/01 |
| Sh. S.P. Mittal | 06/01 |
| Sh.B.L.Kukda | 09/01 |
| Sh. N.K. Purohit | 10/01 |
| Sh. Hanumant K Talesara | 11/01 |
| Sh.Mohanlal Vaishnav | 12/01 |
| B.L. Khamesara | 13/01 |
| Mrs. Vimla Kothari | 24/01 |
| Smt. Mudita Sharma | 24/01 |
| Sh. B.H.Bafna | 25/01 |
| Sh. Akhilesh Joshi | 25/01 |
| Sh.P.S.Roongta | 26/01 |
| Sh.Mangilal Lunawat | 31/01 |

**February**

| | |
|---|---|
| Smt. Anila Doshi | 05/02 |
| Smt. Vibha Bhatnagar | 11/02 |
| Dr. N.L. Kachhara | 15/02 |
| Dr. Kamala Kawarani | 18/02 |
| Dr.Mahip Bhatnagar | 11/02 |
| Sh. S.K. Verma | 17/02 |
| Smt. Pushpa Kothari | 19/02 |
| Sh. Y.K. Gupta | 22/02 |

दिसम्बर माह में डॉ. के.पी. तलेसरा एवं डॉ. आई.एल. जैन का जन्मदिन समिति में उत्साहपूर्वक मनाया गया।





## विज्ञान समिति के जनवरी माह के कार्यक्रम

• **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

• **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 21 जनवरी 2018 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| * कृषि वि.वि. के कुलपति एवं अधिकारियों के साथ अगले वर्ष के कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा<br>कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम में कार्यक्रम– कार्यालय स्थापना एवं अन्य कार्यक्रम | शनिवार 20 जनवरी | प्रातः 11.00 बजे से |
| * दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ | शुक्रवार 12 जनवरी | प्रातः 11.00 बजे से |
| * नवाचार महिला एवं वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ का सामुहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम – **झनकार** | मंगलवार 16 जनवरी | सांय 6.00 बजे से |
| * प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ बैठक–विशेष ध्यान कार्यक्रम | मंगलवार 23 जनवरी | प्रातः 11.00 बजे से |
| * ग्रामीण महिला चेतना शिविर | मंगलवार 30 जनवरी | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| * गणतंत्र दिवस कार्यक्रम<br>अन्य कार्यक्रम निर्णय होने पर | शुक्रवार 26 जनवरी | प्रातः 11.00 बजे से |

### अपील

● कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष पूर्ण हो रहा है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।

● निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

सौजन्य :– श्रीमान् मदनसिंह जी–श्रीमती लीला जी सुराना, 8–सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)